आज समाज 03/10/2025

# जीएमएन कॉलेज की एनएसएस इकाइयों ने किया गांधी अध्ययन केंद्र का दौरा

**आज समाज नेटवर्क**



**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में कॉलेज की एनएसएस इकाइयों ने गांधी अध्ययन केंद्र का दौरा किया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. चंद्रपाल पूनिया और डॉ. पिंकी गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ‌ह्लगांधी जयंती हमें महात्मा गांधी के आदर्शों और जीवन मूल्यों की याद दिलाती है। हमें उनके दिखाए हुए सत्य, अहिंसा और सरलता के मार्ग पर चलने का निरंतर प्रयास करना चाहिए।ह्व उन्होंने छात्रों को गांधीजी की विचारधारा से प्रेरित होकर समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। गांधी अध्ययन केंद्र में कॉलेज के इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. धरमवीर सैनी ने एनएसएस स्वयंसेवकों को महात्मा गांधी के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके सत्य एवं अहिंसा पर आधारित संघर्षों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

दौरे के दौरान विद्यार्थियों ने गांधीजी के जीवन, उनके आदर्शों और समाज सुधार के लिए किए गए प्रयासों को गहराई से समझा। इस अवसर पर प्रो. श्याम रहेजा, प्रो. गीती बिंद्रा, प्रो. राजिंदर मीरवाल तथा एनएसएस स्वयंसेवक हर्षित लंबा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।